# जर्जर हो चुके पुलों की बढ़ाई जाये ऊंचाई

## आये दिन होते रहते हैं गंभीर हादसे

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा से इमझिरा और डोभी होकर बरमान जाने वाले सड़क मार्ग पर इमझिरा के समीप बरांझ नदी और डोभी के समीप पांडाझिर नदी पर बने पुल अपनी उम्र दराज पूर्ण कर लेने के उपरांत अब जर्जर होकर अपनी अंतिम सांसें गिन रहे हैं। कभी भी धराशाई होने के साथ गंभीर हादसों को आमंत्रण भी देने लगें हैं।इन दोनों नदियों पर बनें पुलों की ऊंचाई बहुत ही कम है। थोड़ी सी वारिश में आने वाले बाढ़ के पानी के कारण पुलों के ऊपर से पानी हो जाने के कारण सड़क मार्ग



बंद हो जाता है।इस मार्ग के लोगों को घूम कर आवागमन करना पड़ता है।

### हो गए है बड़े बड़े गड्ढे

इमझिरा के समीप बरांझ नदी पर बने पुल की यह स्थिति बनी हुई है कि इनमें बढ़े बढ़े गड्ढे निकल आये है जिसमें छोटे बाहन चालकों को रात्रि में आवागमन के दौरान परेशानी हुआ करती है। अनेकों बार गड्ढे बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर टेक्ट्रर ट्रालियां भी पलट चुकी है।असमय मौतें हो चुकीं है। छोटी कारों के चाक पर इन गड्ढों में फंस जाने के कारण क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।समय समय पर जैसे तैसे इन गड्ढों को भर दिया जाता है लेकिन कुछ समय बाद पुन: वही स्थिति बन जाती है। कुछ समय पूर्व एक हिस्सा टूट भी गया था लेकिन उसमें वोल्डर पत्थर भरकर पुन: बना दिया गया लेकिन अब फिर वही स्थिति बनने लगी है। आखिर ऐसा कब तक चलेगा।

### हो रहा है मिट्टी का कटाव

पिछले कई दिनों से देखने में आ रहा है कि बरसात के दौरान बाढ़ के पानी से नदी का कटाव बड़ी मात्रा में होता चला जा रहा है। जिससे पाट काफी चौड़ा हो रहा है और बाजू से बनें पुल के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है।इस कटाव से ऊपर ग्राउंड और शवदाह गृह के लिए भी भविष्य में परेशानी के साथ जगह कम पड़ने लगेगी।समय रहते इन पुलों की ऊंचाई नहीं बढ़ाई गई तो आने वाले समय में और भी परेशानियां जन्म ले लेंगी।

# दिव्यांग छात्र चंदन मेहरा को मिली ट्राई साईकिल

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** तहसील के ग्राम बचई निवासी चंदन मेहरा पिता फुल सिंह मेहरा जो हाई सेकेंडरी स्कूल बचई में कक्षा 10 वीं का छात्र है, को जिला प्रशासन द्वारा ट्राई साइकिल प्रदान की गई है। चंदन का एक पैर घुटने के ऊपर से कटा हुआ है, जिसके कारण उसे स्कूल आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देश पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा चंदन मेहरा को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई। इस सहायता से अब उसे विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और वह अपनी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रख सकेगा। इस पहल से न केवल चंदन को राहत मिली है।

# इस मानसून न उजड़े किसी का सुहाग, न सूनी हो किसी मां की गोद

**नवभारत/गाडरवारा।** मानसून की सक्रियता के साथ ही गाडरवारा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धान की रोपाई का कार्य तेज़ी से शुरू हो गया है। खेतों की जुताई और माटी मचाने के लिए बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों का उपयोग किया जा रहा है। इसी के साथ हर वर्ष सामने आने वाली एक गंभीर समस्या भी फिर से सिर उठाने लगी है। खेतों से निकलने वाले ट्रैक्टरों के पहियों में चिपका कीचड़ पक्की सड़कों पर फैल जाता है, जिससे सड़कें अत्यधिक फिसलन भरी हो जाती हैं और दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। बरसात के मौसम में दोपहिया वाहन चालक इस फिसलन का सबसे अधिक शिकार होते हैं।



### दुर्घटनाओं में लोगों की जान भी चली जाती है

सड़क पर अचानक ब्रेक लगाते ही वाहन अनियंत्रित होकर फिसल जाते हैं, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। कई मामलों में इन दुर्घटनाओं में लोगों की जान भी चली जाती है और परिवारों की खुशियां पलभर में उजड़ जाती हैं। इसी को देखते हुए नवभारत से संवाददाता विकास विश्नोई ने क्षेत्रबके सभी किसान भाइयों एवं ट्रैक्टर चालकों से अपील की है कि खेत में कार्य पूरा होने के बाद ट्रैक्टर को मुख्य सड़क पर लाने से पहले उसके टायरों, हल एवं अन्य उपकरणों में लगी मिट्टी और कीचड़ को खेत की मेढ़ पर ही साफ कर लें।

## एक नजर में

### जनसुनवाई में 120 आवेदनों की सुनवाई

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान तेंदूखेड़ा तहसील के ग्राम रमपुरा निवासी दिव्यांग महिला धन्ना बाई अपनी समस्या लेकर पहुंचीं। कलेक्टर सिंह ने उनकी बात संवेदनशीलता के साथ सुनी और तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर ही धन्ना बाई का यूडीआईडी (DID) कार्ड बनवाया गया तथा उन्हें दिव्यांग पेंशन का स्वीकृति आदेश भी प्रदान किया गया। पेंशन स्वीकृति आदेश प्राप्त होने पर धन्ना बाई ने कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं मांगों के कुल 120 आवेदन प्राप्त हुए।

### जिले में अब तक 5 .68 इंच वर्षा दर्ज

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 7 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 144 .4 मिमी अर्थात 5 .68 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 7 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 23 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 28 मिमी, गाडरवारा में 15, गोटेगांव में 10 मिमी, करेली में 42 मिमी और तेंदूखे?ा में 20 मिमी वर्षा आंकी गई है। तहसीलदार भू- संसाधन एवं प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 163 मिमी, गाडरवारा में 173 मिमी, गोटेगांव में 65 मिमी, करेली में 102 और तेन्दूखेड़ा में 219 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 346 .20 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 344 मिमी, गाडरवारा में 345 मिमी, गोटेगांव में।

### एक क्लिक में पाएं जिले की हर आधिकारिक अपडेट मोबाइल पर

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिले के नागरिकों तक शासन की योजनाओं, विकास कार्यों, प्रशासनिक गतिविधियों, महत्वपूर्ण सूचनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा अन्य आधिकारिक जानकारियों को त्वरित, प्रमाणिक एवं सरल माध्यम से पहुंचाने के उद्देश्य से जिला जनसम्पर्क कार्यालय, नरसिंहपुर द्वारा आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल संचालित किया जा रहा है। इस व्हाट्सएप चैनल के माध्यम से जिले की महत्वपूर्ण खबरें, प्रेस विज्ञप्तियां, शासकीय योजनाओं की जानकारी, प्रशासनिक निर्णय, फोटो, वीडियो तथा अन्य आवश्यक अपडेट सीधे आपके मोबाइल पर उपलब्ध होंगे। इससे नागरिकों को प्रमाणिक जानकारी समय पर प्राप्त होगी और वे जिले की गतिविधियों से निरंतर जुड़े रह सकेंगे। जिला प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें तथा अपने परिवार, मित्रों और परिचितों को भी इससे जोड़ने के लिए प्रेरित करें, ताकि जिले की हर महत्वपूर्ण आधिकारिक जानकारी समय पर सभी तक पहुंच सके।

# शिवसेना-युवासेना मध्यप्रदेश ने संदीप राजपूत को नरसिंहपुर जिला मिडिया प्रभारी नियुक्त किया

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** शिवसेनाङ्कयुवासेना मध्यप्रदेश ने संगठन विस्तार को गति देते हुए संदीप राजपूत जिला मिडिया प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति जबलपुर संभाग में संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से की गई है। जारी नियुक्ति घोषणा के अनुसार यह नियुक्ति हिंदू हृदय सम्राट माननीय बाला साहेब ठाकरे एवं धर्मवीर आनंद दिघे के आशीर्वाद से, शिवसेना के मुख्य नेता एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, शिवसेना संसदीय दल के नेता एवं सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, युवासेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्वेश प्रताप सरनाईक तथा राष्ट्रीय सचिव किरण



दादा साळी के निर्देशानुसार की गई है। मध्यप्रदेश युवा सेना के राज्य प्रमुख अनुराग सोनार द्वारा तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं जबलपुर संभाग प्रभारी आशीष नेमा की सहमति से यह महत्वपूर्ण दायित्व संदीप राजपूत को सौंपा गया है। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में जबलपुर संभाग एवं नरसिंहपुर जिले में शिवसेनाङ्कयुवासेना का जनाधार और अधिक मजबूत होगा।

# रेलवे स्टेशन चोरी गिरोह का पर्दाफाश

**नवभारत/गाडरवारा।** जीआरपी थाना गाडरवारा पुलिस ने रेलवे स्टेशन एवं रनिंग ट्रेनों में लगातार हो रही चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात, 5 मोबाइल फोन सहित कुल 8,06,500 मूल्य का मशरूका बरामद किया है।

यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सुंदर सिंह कनेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर भावना मरावी तथा उप पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर अंकिता सुल्या के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक एल.पी. कश्यप एवं पिपरिया चौकी प्रभारी सहायक उप



निरीक्षक बी.पी. पासी के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने लगातार पतासाजी और मुखबिर सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए विवेक रजक, अरविंद कुछबदिया एवं फारूख खान, निवासी पिपरिया (जिला नर्मदापुरम) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 6 जुलाई 2026 को आरोपियों की घेराबंदी कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनों में चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर रेलवे चोरी के 6 प्रकरणों का खुलासा हुआ। बरामद मशरूका विभिन्न अपराध क्रमांक 218/26, 210/26, 204/26, 107/26, 185/26 एवं 255/26 से संबंधित है। इन मामलों में दर्ज प्रकरणों के तहत चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण एवं मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

# करपगांव के स्कूल में हुआ नि :शुल्क साइकिलों का वितरण

**नवभारत/गाडरवारा।** गत दिवस तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने ग्राम करपगाँव जन शिक्षा केंद्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न स्कूलों के छात्रों को निशुल्क साइकिल वितरित की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मध्य प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओ लैपटॉप, स्कूटी मेधावी छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण लाड़ली लक्ष्मी आदि योजनाओं से बालिका प्रोत्साहन एवं महिला सशक्तिकरण हुआ है। सभी छात्र छात्राएं अब स्कूल आसानी से आना जाना कर सकेंगे। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक अखिलेश जयवार ,मनोज शर्मा मंडल अध्यक्ष सीमांत राजपूत, पूर्व




क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल सहित अन्य अतिथि रहे उपस्थित

जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष सरदार सिंह कौरव, वरिष्ठ शिक्षक कल्याणपुर शिवदास चढ़ार उपस्थित रहे। अंत में आभार जीवन राम सेरेमोनिया प्राचार्य करपगांव ने किया।

# जनसुनवाई में आए आवेदन, कई समस्याओं का मौके पर समाधान

**नवभारत/गोटेगांव।** प्रशासन को जनता से सीधे जोड़ने के उद्देश्य से मंगलवार को एसडीएम संघमित्रा गौतम की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में दूर-दराज से आए लोगों ने अपनी समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत किए।

कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों में राजस्व, पेंशन, राशन कार्ड, अतिक्रमण, कृषि, नाली-नल कनेक्शन और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। कई आवेदक महीनों से भटक रहे थे और अपनी व्यथा लेकर एसडीएम के पास पहुंचे। कई का मौके पर हुआ निराकरण एसडीएम गौतम ने प्राप्त आवेदनों में से कई का त्वरित




निराकरण कराया। वहीं जिन मामलों में मौके पर समाधान संभव नहीं था, उन पर समय-सीमा तय कर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में तहसीलदार कृषि विभाग अधिकारी नगर पालिका सीएमओ महिला एवं बाल विकास अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं और समाधान के प्रयास किए। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आवेदनों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक प्रकरण का निर्धारित समय में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# बैंक के सामने पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर लगता है जाम

▸ बनती है हॉट-टॉक की स्थिति

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** इन दिनों पार्किंग व्यवस्था को लेकर विवादों की मुख्य बजह देखने को मिल रही है। जिला प्रशासन ने भी सुधार की दिशा में पार्किंग वाले क्षेत्रों में नोटिस भेजना शुरू किया था लेकिन तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय में इसका कोई असर नहीं पड़ा है।बस स्टैंड से मंडी चौराहे तक सड़क मार्ग सड़कें चौड़ी बन जाने के बाद भी पार्किंग व्यवस्था और आवागमन में पीड़ा दायक बनें हुए हैं।लोग अपनी मनमानी पर अमादा है मनचले ढंग से कहीं भी बाहन खड़े होना भी एक कारण बना हुआ है।तेंदूखेड़ा के पुराने बस



स्टैंड से कृषि उपज मंडी तरफ जाने वाली सड़क मार्ग पर बैंकिंग क्षेत्र की संस्थाओं डाक्टरों की क्लीनिकें सोने चांदी और अनाज व्यापारियों की दुकानें बड़ी संख्या में हैं। लेकिन इस सड़क मार्ग पर आज स्थिति यह बनीं हुई है कि चौड़ी सड़क बन जाने के बाबजूद भी सड़क आज सकरी बनीं हुई है।मनचले तरीके से लोगों को बाहन खड़ा करके जाना सामने तरफ से आने वाले भारी वाहनों को बाहन निकालने में होने वाली परेशानी हाट टांक देखने को मिला करती है। ऊपर से मवेशियों का जमावड़ा कोड़ में खाज वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है।

### बैंक के सामने नहीं है पार्किंग व्यवस्था

मंडी सड़क मार्ग पर मुख्य रूप से अब एक मात्र राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा और कियोस्क बैंक सेवा संचालित है लेकिन इनके सामने पार्किंग की कोई उचित व्यवस्था ना होने के कारण शाखाओं के बाजू से रहने वाले अन्य व्यापारी वर्ग रहवासी परेशान बनें हुए हैं।आये दिन बाहन खड़ा करने को लेकर कहासुनी होना अब आम बात हो गई है। बैंकों के प्रबंधनों को चाहिए कि अपने अपने व्यवसाय के चक्कर में दूसरे अन्य व्यापारी वर्ग परेशान ना हो।नगर में मुख्य रूप से पार्किंग की व्यवस्था नहीं है।

# नवोदय बोहानी में सत्र 2027-28 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी में आगामी शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए 80 सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि वर्तमान सत्र 2026-27 में जिले के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं आवेदन के पात्र हैं। इच्छुक अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए जल लेने किसानों से 31 जुलाई पूर्व मांग पत्र आमंत्रित

**नवभारत,गोटेगांव।** वर्ष 2026 की खरीफ फसलों की बरगी नहरों से सिंचाई के लिए जल लेने गोटेगांव व नरसिंहपुर तहसील के लगभग 126 ग्रामों के किसानों से 31 जुलाई 2026 पूर्व मांग पत्र एवं अनुबंध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ताकि नहरों से खरीफ फसलों के लिए निर्धारित तिथि से जल प्रवाह किया जा सके। इन ग्रामों में मुख्य नहर 63.420 से 81.300 किमी तक वितरण प्रणालियों में क्रमश:हरेरी शाखा नहर एवं करेली वितरण नहर व देवरी वितरण नहर, बगासपुर माइनर, रामनिवारी माइनर, तिघरा माइनर एवं कमांड की माइनरों/ सब माइनरों से लगभग 3 हजार हेक्टर भूमि में निर्मित नहर प्रणाली से खरीफ फसलों की सिंचाई करने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग क्र.-2 गोटेगांव ने दी है।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण

- शालेय व्यवस्थाओं और खेल मैदानों का लिया जायजा, बोर्ड परीक्षा व
- राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियों पर दिया जोर

गाडरवारा। मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने गाडरवारा क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासित रहकर अध्ययन करने तथा बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी सुनियोजित कार्ययोजना के साथ करने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान डॉ. कुशवाहा ने



नगर के शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सालीचौका स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने कक्षाओं, शैक्षणिक गतिविधियों और विद्यालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने तूमड़ा के नवनिर्मित शाला भवन तथा ग्राम निमावर के शासकीय हाईस्कूल का निरीक्षण किया और शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। ग्राम मेहरागांव में उन्होंने प्राथमिक शाला भवन में शासकीय हाईस्कूल संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही, मिट्टी के कटाव से विद्यालय भवन को संभावित खतरे को देखते हुए आरईएस विभाग से आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश भी दिए।

# होटल के रूम में बैठी थी तीन फीट लंबी कोबरा नागिन

**नवभारत, जबलपुर ।** भेड़ाघाट थानांतर्गत भेड़ाघाट नगर परिषद कार्यालय के बगल में स्थित होटल हाली डे होम के रूम नंबर 105 में सांयकाल 04 :30 बजे एक तीन फीट लंबी नागिन को बैठा देखकर वहां अफरातफरी मच गई। होटल के प्रबंधक ने तत्काल रूम के दरवाजे को बंद कर दिया। तथा सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे श्री दुबे ने रैस्क्यू करते हुए नागिन को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। पकड़ी गई नागिन कोबरा प्रजाति की है।जो कि बेहद ख़तरनाक और जहरीली होती है। यद्यपि जब तक सर्प को छेड़ा ना जाए, तब तक ये किसी भी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाते। गनीमत थी कि रूम में कोई नहीं था। नागिन के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।

**आदेश** ▸ कारोबार में आई भारी मंदी रेत और गिट्टी के रेटो मै आ सकता हैं भारी उछाल

# कलेक्टर के नो एंट्री के आदेश से वाहनों के भाड़े में वृद्धि

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** स्टेट हाईवे क्रमांक 22 (गाडरवारा से पिपरिया ट हाईवे क्रमांक 44 (गाडरवारा से उदयपुरा मार्ग) पर भारी वाहनों के आवागमन हेतु प्रात: 7ः0 9ः00 बजे तक नो एंट्री लागू की गई है, हम समस्त रेत, गिट्टी, एम. सेण्ड, मुरम, कोपरा णि सामग्री के वैध परिवहनकर्ता डंपर / ट्रक संचालक एवं वाहन मालिक जिला नरसिंहपुर, दमो र, रायसेन, भोपाल, विदिशा, अशोकनगर, जबलपुर की ओर से आपके समक्ष यह सामूहिक नि न कर रहे हैं। सर्वप्रथम हम आपके द्वारा जनसुरक्षा, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं यातायात व्यवस्था रखने के



उद्देश्य से जारी आदेश का पूर्ण सम्मान एवं समर्थन करते हैं। प्रशासन द्वारा पीडिंग तथा बिना तिरपाल के खनिज परिवहन पर नियंत्रण हेतु उठाए गए कदम निश्चित रूप विरण संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत सराहनीय हैं। केन्तु उक्त आदेश के अंतर्गत स्टेट हाईवे क्रमांक 22 (गाडरवारा से पिपरिया मार्ग) एक 4 (गाडरवारा से उदयपुरा मार्ग) पर भारी वाहनों के आवागमन हेतु प्रात: 07ः00 बजे से लगातार 14 घंटे भारी वाहनों के आवागमन पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध के कारण गिट्टी नरसिंहपुर जिले में 70त्न गाडरवारा करेली पिपरिया सालीचौका सहित अनेज जगह सागर क्षेत्र से आती है।

### 14 घंटे नो एंट्री

वहीं अन्य सामान भी इन क्षेत्रों में सागर जिले से ज्यादातर मात्रा में आता हैं, क्योंकि दिल्ली के समान की खासकर इलेक्ट्रॉनिक आइटम की मुख्य मंडी है! अगर 14 घंटे नो एंट्री रहती है, वाहन के भाड़ो वृद्धि होना लाजमी है क्योंकि जब एक दिन की जगह 2 दिन में समान खाली होगा, तो क्योंकि रात में ना खाली करने बाली लेवर उपलब्ध होती है, जिसके कारण व्यापार में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं।

# मां रेवा महाआरती में गूंजे मां नर्मदा के भजन

- यजमान की भूमिका देवनगर पुराना निवासी
- अतुल पटेल एवं उनके परिवार ने निभाई

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्री रेवा महाआरती समिति के तत्वाधान में समीपवर्ती ग्राम मुंआरघाट में मां नर्मदा की साप्ताहिक संगीतमय महाआरती विगत 9 वर्षों से भी अधिक समय से आस्था के साथ संपन्न हो रही है। प्रत्येक सोमवार को होने वाली इस दिव्य आरती में इस सप्ताह यजमान की भूमिका देवनगर पुराना निवासी अतुल पटेल एवं उनके परिवार ने निभाई। यह आरती अतुल पटेल के जन्मदिवस के पावन अवसर पर उनके परिवार द्वारा आयोजित की



गई थी। सोमवार को मुंआरघाट स्थित नर्मदा तट पर पंडित जी के आचार्यत्व में पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ महाआरती संपन्न हुई। तत्पश्चात समिति सदस्यों द्वारा भगवान श्री पारदेश्वर महादेव जी का वैदिक मंत्रों के साथ विशेष पूजन-अर्चन किया गया। पूजन के बाद स्थानीय कलाकारों द्वारा संगीतमय भजनों की अनुपम प्रस्तुति दी गई। जगत जननी मां नर्मदा मैया के गुणगान से पूरा तट भक्तिमय हो उठा। उपस्थित समिति सदस्यों एवं मातृशक्ति ने दीपदान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### श्रद्धालु उपस्थित रहे

श्री रेवा महाआरती समिति पिछले 9 वर्षों से प्रत्येक सोमवार को अलग-अलग भक्तों के माध्यम से मां नर्मदा की आरती करवा रही है। समिति का उद्देश्य नर्मदा मैया की महिमा का प्रचार-प्रसार और सनातन संस्कृति को जीवित रखना है। इस अवसर पर मातृशक्ति महाआरती समिति की समस्त सहयोगी सदस्याएं, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। सभी ने मां नर्मदा से सुख-समृद्धि और देश में शांति की कामना की। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण भी किया।